Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding need for ROBs in Karimganj Parliamentary Constituency in Assam.

श्री कृपानाथ मल्लाह (करीमगंज): सभापति महोदय, हमारे संसदीय क्षेत्र करीमगंज में रेलवे के दो लेवल क्रॉसिंग्स हैं। एक लेवल क्रॉसिंग का नम्बर 1/बीएस एट करीमगंज, 2/93/9 नियर बदरपुर घाट और दूसरा लेवल क्रॉसिंग का नम्बर 1किमी/189/78 एट कानीसाइ, करीमगंज शहर के पास दोनों रेलवे क्रॉसिंग्स पर आरओबीज नहीं होने के कारण 24 घंटे में प्राय: आठ से 10 घंटा बंद रहता है। एक रेल को क्रॉस करने के बाद कम से कम उसको क्लीयर होने में डेढ़ से दो घंटे लगते हैं, तब तक वहां फिर दूसरी ट्रेन आ जाती है, तो वह फिर से ब्लॉक हो जाता है। यह बहुत महत्वपूर्ण नेशनल हाइवे है। जो करीमगंज हैलाकांडी और सिलचर को कनेक्ट करती है। करीमगंज से उसी रास्ते से एयरपोर्ट जाना पड़ता है। वहीं पर बदरपुर रेलवे स्टेशन है, वहां आने-जाने के लिए वही रास्ता है एवं मेडिकल कॉलेज जाने के लिए भी वही रास्ता है। आरओबी और आरयूबी नहीं होने के कारण वहां बहुत प्रॉब्लम है। वहां रोज झंझट शुरू होता है। मैं खुद उस प्रॉब्लम में फंसता हूं।

मैंने 01.12.2021 को रेलवे मंत्री जी से unstarred question पूछा था, तो उन्होंने कहा कि हम ने यह नेशनल हाइवे अथॉरिटी को दे दिया है, वे लोग इसे बनाएंगे। उसके लिए मेमोरैंडम साइन हुआ है। मैं नेशनल हाइवे से संबंधित माननीय मंत्री से अनुरोध करूंगा कि जल्द से जल्द वहां दोनों रेलवे क्रॉसिंग्स पर आरओबीज या आरयूबीज बनाई जाए, ताकि हमारे झंझट खत्म हों।